The Resource Centre

Sanmarg

Date: 19/06/2014 **Page No: 6** **Location: Main** **Circulation: 108000**

Edition: Kolkata

65 couple get married with Emami group help

विश्व जागृति मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में 65 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

कोलकाता : विश्व जागृति मिशन ट्रस्ट की ओर से बुधवार को साउथ सिटी सभागार में 65 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। वैवाहिक बंधन में बंधने वाले ज्यादातर जोड़े अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के थे। इस अवसर पर वैवाहिक जोड़ों को गाय, आलमारियां तथा अन्य कई उपहार भी दिए गए। परिणय सूत्र में बंधने वाले सभी जोड़ों को राज्य के मंत्री सुब्रत मुखर्जी, नृत्य सम्राट पं. बिरजू महाराज, संत राघवेश्वर भारती जी, सुधांशु जी महाराज, चिदानंद सरस्वती जी महाराज, श्रीकांत जी महाराज तथा अनुराग कृष्ण शास्त्री ने आशीर्वाद देकर उन्हें उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सभी सम्मानित अतिथियों ने





सामूहिक विवाह के मौके पर राघवेश्वर भारती जी, सुधांशु जी महाराज श्रीकांत शास्त्री, राज्य के मंत्री सुब्रत मुखर्जी व अन्य

कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिए अग्रवाल परिवार तथा गोयनका परिवार का अभिवादन किया। कार्यक्रम में इमामी ग्रुप के आर एस अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में गरीब परिवारों के युवक-युवतियों का विवाह कराया गया है। हम उन सभी के मंगल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राधेश्याम गोयनका, सुशील गोयनका, राम किशन अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, सुभाष मोरारका, साधु राम बंसल तथा अन्य कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

Copyright of the article is with the publication